कुलपति की अध्यक्षता में समिति निर्धारित करेगी नए पाठ्यक्रम

राज्य ब्यूरो, देहरादून : तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि प्रदेश के राजकीय इंजीनियरिंग कालेजों में बाजार की वर्तमान मांग के अनुसार रोजगारपरक पाठ्यक्रम चलाए जाएंगे। पाठ्यक्रमों के नए सिरे से निर्धारण के लिए तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। बिपिन त्रिपाठी कुमाऊं प्राविधिक संस्थान द्वाराहाट में फैकल्टी को तत्काल पदोन्नति देने और रिक्त पदों पर नियमित भर्ती के निर्देश दिए गए हैं।

तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को विपिन त्रिपाठी कुमाऊं प्राविधिक संस्थान द्वाराहाट के निदेशक मंडल की बैठक हुई। मंत्री ने बताया कि बैठक में संस्थान से संबंधित विषयों के साथ में प्रदेश के सभी शासकीय इंजीनियरिंग कालेजों में बाजार की मांग आधारित पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता देने पर मंथन किया गया। इससे पाठयक्रमों में प्रशिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के बहुत अधिक अवसर मिलेंगे। ऐसे पाठ्यक्रमों के चिह्नीकरण को तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति में टनकपुर, घुड़दौड़ी एवं द्वाराहाट इंजीनियरिंग कालेजों के निदेशक सम्मिलित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि द्वाराहाट कालेज में नियमित निदेशक की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए गए। नियमित निदेशक मिलने से कालेज के कार्यों का निपटारा शीघ्रता से हो सकेगा। बैठक में कालेज में फैकल्टी को पदोन्नति की धीमी गति के विषय पर चर्चा हुई। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने को कहा।